E-Mail

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–29 / 2023 8894 दि0 13/11/2023

आदेश

"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2945 दिनांक–25.04.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री शमशेर बहादुर, (Emp. ID No.- AEN02392), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा द्वारा प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपील की सुनवाई दिनांक–27.10.2023 को 04:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई, जिसकी सूचना उन्हें ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त स्पष्ट होता है कि श्री शमशेर बहादुर, (Emp. ID No.- AEN02392), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक–411 / बन्दो0 दिनांक–23.06.2022 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि दिनांक–25.03.2021 को सिहेंश्वर मेला (मधेपुरा) में थाना प्रभारी ने मद्य निषेद्य कानून के तहत श्री शमशेर बहादुर को गिरफ्तार किया था। श्री बहादुर को शिविर कार्यालय से कार्यमुक्त करते हुए मुख्यालय में योगदान देने के निदेश दिया गया। साथ ही इनके संविदा अवधि विस्तार एवं योगदान की स्वीकृति के बिन्दु पर निदेशालय से मार्गदर्शन की मांग की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा से प्राप्त पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–1775 दिनांक–19.07.2022 द्वारा अपीलार्थी से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया।

अपीलार्थी द्वारा स्पष्टीकरण दिनांक–22.07.2022 को समर्पित की गयी। प्राप्त स्पष्टीकरण में श्री बहादुर द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद इनका ब्रेथ एनालाइजर नही किया गया तथा डॉक्टर द्वारा इनके मामले को संदिग्ध केस बताया गया। साथ ही यह भी अंकित किया गया है कि मद्य निषेद्य कानून के तहत 2000/– रूपये का जुर्माना किया गया है एवं मुकदमे का निष्पादन कर दिया गया है।

अपीलार्थी द्वारा सरकार द्वारा प्रतिबंधित शराब का सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन किया गया है तथा सरकार द्वारा उक्त कृत्य के लिए प्रावधानित नियम के तहत गिरफ्तार होकर जमानत पर बाहर आये है, इसके उपरांत मुकदमे के ट्राईल के बाद माननीय न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है, जो एक कर्मी के स्वच्छ आचरण के विरूद्ध है, इसे दृष्टिगत रखते हुए संविदा विस्तार न कर संविदा नियोजन समाप्त किये गये है।

अपीलार्थी के कथन, तथ्य, अपील अभ्यावेदन एवं रक्षित अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी को दिनांक–25.03.2021 को सिंहेश्वर मेला, मधेपुरा में पुलिस अवर निरीक्षक–सह–मेला प्रभारी, मेला थाना–सिंहेश्वर द्वारा नशे की हालत में हंगामा एवं आमजनों के साथ अभद्र व्यवहार तथा गाली–गलौज करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद नियमावली में वर्णित नियमों के आलोक में 2000/– रू0 का जुर्माना देकर अपीलार्थी बरी हुए है।

अतः निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश संख्या–2945 दिनांक–25.04.2023 में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

उक्त विवेचना के आलोक में श्री शमशेर बहादुर, (Emp. ID No.- AEN02392), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा द्वारा दायर अपील को अस्वीकृत किया जाता है।

ह0 / –
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–29 / 2023 8894 **पटना, दिनांक** :– 13/11/2023

प्रतिलिपिः– श्री शमशेर बहादुर, (Emp. ID No.- AEN02392), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा, ई–मेल–shamsherbahadurcivil96@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/2023

(विनोद कुमार पंकज)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–29 / 2023 8894 **पटना, दिनांक** :– 13/11/2023

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–29 / 2023 8894 **पटना, दिनांक** :– 13/11/2023

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–29 / 2023 8894 **पटना, दिनांक** :– 13/11/2023

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–29 / 2023 8894 **पटना, दिनांक** :– 13/11/2023

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/2023

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप